**Free Press Journal, Mumbai, 27/05/2026**
Page No: 19, Size: 6.77cm × 28.89cm

# CNG COSTS RS 94.75/KG IN BHOPAL

**Our Staff Reporter**
BHOPAL

Compressed Natural Gas (CNG) costs Rs94.75 per kilogram in Bhopal after a hike of Re1 per kilogram on Tuesday.

On May 16, rates had increased by approximately Rs3 per kilogram. The latest price hike has been implemented by Think Gas, which supplies CNG to Bhopal and several surrounding districts. This marks the third price hike within two months. Across the three revisions, the price of CNG has risen by up to Rs6 per kilogram cumulatively.

Ajay Singh, Petrol Pump Dealers Association president, said, "There are 28 CNG points at petrol pumps in Bhopal."

In Madhya Pradesh, three agencies, Think Gas, GAIL and Avantika, are responsible for supplying CNG. Think Gas supplies CNG to Bhopal and neighbouring districts, including Sehore, Rajgarh, Shivpuri and Vidisha, while Avantika caters to the Indore, Ujjain and Gwalior divisions. GAIL also maintains supply operations across several districts.

Indian Express, Mumbai, 27/05/2026
Page No: 15, Size: 15.19cm × 36.78cm

# First LNG tanker via Strait of Hormuz reaches Indian coast



The cargo is about a day's worth of India's LNG imports. REUTERS REPRESENTATIONAL IMAGE

**Sukalp Sharma**
*New Delhi, May 26*

A LIQUEFIED natural gas (LNG) tanker that crossed the Strait of Hormuz over the weekend arrived at Gujarat's Dahej on Tuesday, marking the first LNG cargo to reach India from the Persian Gulf in over two-and-a-half months of the strait's effective closure due to the West Asia war, ship tracking data shows.

The Liberia-flagged tanker Al Hamra, carrying about 62,000 tonnes of LNG from Abu Dhabi National Oil Company's (ADNOC) Das Island export facility in the Persian Gulf will be discharging its cargo at Petronet LNG's Dahej terminal, the largest LNG import terminal in India.

As of 2PM Tuesday, the tanker was stationed at one of the LNG discharge jetties of the Dahej terminal, according to data and visuals from ship tracking and maritime intelligence firm MarineTraffic.

As per trade sources, the cargo belongs to government-owned gas major GAIL. While the cargo is equivalent to about a day's worth of India's LNG imports, Al Hamra's arrival has built hopes of more LNG supplies coming to India from the Persian Gulf, which lies to the west of the strait.

According to commodity market analytics firm Kpler, Al Hamra is one of three LNG tankers that crossed the critical maritime chokepoint over the weekend despite elevated geopolitical risk.

The other two tankers—Fuwairit and Al Rayyan—carried QatarEnergy cargoes bound for Pakistan and China, respectively. In the nearly three months of the West Asia conflict, only seven vessels laden with LNG are estimated to have transited the strait. While about one-and-half dozen liquefied petroleum gas (LPG) and oil tankers have made their way to India from the Persian Gulf since early March, Al Hamra is the first LNG tanker to have arrived from there.

FULL REPORT ON
WWW.INDIANEXPRESS.COM

**Hindustan Times, Delhi, 27/05/2026**

Page No: 12, Size: 12.96cm × 9.47cm




**SCOPE Academy of Public Sector Enterprises organised an Executive Development Programme for junior and mid-level executives of CPSEs. The event was inaugurated by Atul Sobti, DG, SCOPE. Ayush Gupta, Dir (HR), GAIL and Member, SCOPE Executive Board addressed the concluding session.**

**Hindustan, Delhi, 27/05/2026**

Page No: 11, Size: 5.00cm × 5.61cm

# गेल का परिचालन राजस्व 1.38 लाख करोड़ पर पहुंचा

**नई दिल्ली।** गेल (इंडिया) ने वित्त वर्ष 2025-26 के लिए अपने वित्तीय परिणाम घोषित करते हुए 6,968 करोड़ रुपये का स्टैंडअलोन शुद्ध लाभ दर्ज किया। कंपनी का परिचालन राजस्व बढ़कर 1.38 लाख करोड़ रुपये पहुंच गया। हालांकि वैश्विक चुनौतियों के कारण ईबीआईटीडीए और कर पूर्व लाभ में कमी रही। समूह स्तर पर कंपनी का शुद्ध लाभ 7,582 करोड़ रुपये रहा। निदेशक मंडल ने 0 .50 रुपये प्रति शेयर अंतिम लाभांश की सिफारिश की है। वित्त वर्ष के दौरान कंपनी ने 9,594 करोड़ रुपये का पूंजीगत व्यय किया।

**Hindustan, Delhi, 27/05/2026**

Page No: 11, Size: 8.39cm × 5.53cm




स्कोप एकेडमी ऑफ पब्लिक सेक्टर एंटरप्राइजेज द्वारा आयोजित कार्यकारी विकास कार्यक्रम का उद्घाटन स्कोप के महानिदेशक अतुल सोबती ने किया। समापन सत्र में गेल के निदेशक (एचआर) एवं स्कोप कार्यकारी बोर्ड सदस्य आयुष गुप्ता ने प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र वितरित किए।

Mint, Delhi, 27/05/2026
Page No: 11, Size: 11.48cm × 26.04cm



BP did not give specific details of Albert Manifold's alleged conduct. AP

# 'Serious concerns': BP ousts chairman

British oil giant BP unexpectedly removed Albert Manifold as chairman on Tuesday after less than one year in the role, citing "serious concerns" about governance standards, oversight and conduct at the company.

"The board has been surprised and disappointed to learn of governance oversight and conduct issues it deems unacceptable and has taken decisive action," Amanda Blanc, a senior independent director at BP, said in a statement.

The company did not give specific details of the alleged conduct.

Board member Ian Tyler has been appointed interim chairman with immediate effect.

Manifold became chairman in October last year as BP focused on pivoting back to its more profitable oil and gas business, slashing clean energy investments. AFP

**Business Line, Delhi, 27/05/2026**
Page No: 11, Size: 12.46cm × 11.19cm

# CNG prices up ₹2/kg in Delhi, 4th hike in 15 days

**Our Bureau**
New Delhi

Compressed natural gas (CNG) price has been hiked by ₹2 per kg to ₹83.09 in Delhi, the fourth hike in around 10 days.

In Noida, Ghaziabad and Greater Noida, CNG will now cost ₹91.7 per kg, in Gurugram ₹88.12 and Ajmer ₹92.44. On May 15, CNG rates were increased by ₹2 per kg, followed by a ₹1 hike on May 17 and another ₹1 increase on May 23. Cumulatively, there have been four hikes, taking the prices up by ₹6 per kg. CNG would still offer up to 45 per cent savings on running cost when compared to vehicles using alternative fuel at the current level of prices.

The rise in prices of CNG will have a bearing on public transport with expectations that autos and taxis will raise prices for commuters, said ICRA.

# Oil giant BP ousts chairman on oversight & 'conduct'

**LONDON:** Global oil giant BP has ousted its chairman over what it called serious concerns related to "important governance standards, oversight and conduct". The departure was abrupt and unexpected, with Albert Manifold having been appointed to the position just last year. BP's board named Ian Tyler as interim chair on Tuesday.

BP said that it will begin the process of finding a permanent chair. BP, based in London, is a "supermajor," one of the five largest oil production and exploration companies in the world by revenue and profit. The company maintains operations in about 60 countries. Last year there were media reports that British oil giant Shell was in talks to buy rival BP. Shell denied the reports at the time.

Industry analysts have suggested that BP would be an attractive takeover target after a plan to shift its focus to renewable energy, which was abandoned earlier last year, left its shares undervalued in comparison to other oil companies.

BP has also struggled to recover from the 2010 Deepwater Horizon disaster, which killed 17 workers and forced the company to pay billions of dollars for environmental damage in the Gulf of Mexico. AGENCIES

**Jansatta, Delhi, 27/05/2026**

Page No: 3, Size: 14.74cm × 9.18cm

### रोहिणी में चार मंजिला इमारत में लगी आग

# छह वाहन जले, 23 लोगों को बचाया गया

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 26 मई।

दिल्ली के रोहिणी इलाके में चार मंजिला आवासीय इमारत में मंगलवार सुबह आग लग गई। मामले की सूचना मिलते ही मौके पर पुलिस और दमकल की गाड़ियां पहुंच गई। टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद 23-24 लोगों को बचा लिया गया, जबकि दो लोग घायल हो गए।

दिल्ली अग्निशमन सेवा अधिकारी ने बताया कि बचाव दलों ने मुस्तैदी दिखाते हुए सभी लोगों को बाहर निकाल लिया। इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ लेकिन कई लाख रुपए के सामान जल गए। दिल्ली अग्निशमन सेवा (डीएफएस) अधिकारी ने बताया कि उसे विजय विहार फेज-दो में श्मशान घाट रोड पर स्थित एक इमारत में आग लगने की सूचना सुबह सात बजकर छह मिनट पर मिली। अधिकारी ने बताया कि आग इमारत के भूतल पर लगी, जहां बिजली के 18 मीटर और तीन स्कूटी, दो मोटरसाइकिल और एक साइकिल समेत छह वाहन आग की चपेट में आ गए। आग लगने से लोगों में दहशत फैल गई क्योंकि घना धुआं पूरी इमारत में तेजी से फैल गया, जिससे कई लोग अपने घरों और बालकनी में फंस गए। सुबह आठ बजे तक आग पर पूरी तरह काबू पा लिया गया। अग्निशमन विभाग ने बताया कि दमकलकर्मियों ने 22 लोगों को बचाया, जबकि एक व्यक्ति को अग्निशमन विभाग के पहुंचने से पहले ही स्थानीय लोगों ने बचा लिया था। इस घटना में दो लोग घायल हो गए और अस्पताल में भर्ती कराया गया।

### *पीएनजी पाइपलाइन में विस्फोट से व्यक्ति झुलसा*

पश्चिमी दिल्ली के सुभाष नगर इलाके में एक घर में पीएनजी पाइपलाइन में विस्फोट होने के कारण आग लग गई, जिसमें 42 वर्षीय व्यक्ति गंभीर रूप से झुलस गया। दिल्ली दमकल के मुताबिक सोमवार रात 10:20 बजे आग लगने की सूचना मिली। दमकल की तीन गाड़ियों को तुरंत मौके पर भेजा गया। इमारत के कुछ हिस्सों में फैल गई। दमकलकर्मियों ने घटना में बुरी तरह झुलसे एक व्यक्ति को निकाला और उसे दीन दयाल उपाध्याय (डीडीयू) अस्पताल में भर्ती कराया।

Times of India, Delhi, 27/05/2026
Page No: 2, Size: 18.02cm × 32.86cm

# CNG to cost ₹83/kg in Delhi after fourth increase this month

**Atul.Mathur**@timesofindia.com

**New Delhi:** Indraprastha Gas Limited (IGL) on Tuesday increased the price of CNG in Delhi and neighbouring NCR areas by Rs 2 per kg, effecting the fourth hike since May 15, due to higher input costs and losses linked to the West Asia crisis. Compressed natural gas (CNG) now costs Rs 83.09 per kg in the capital, up Rs 6 from Rs 77.09 per kg before May 15.

The latest hike came a day after oil retailers raised petrol and diesel prices by over Rs 2 per litre across the country. Petrol and diesel prices have gone up by Rs 7.35 and Rs 7.53 per litre, respectively, since May 15.

IGL had raised the price by Rs 2 per kg on May 15, followed by Rs 1 per kg hikes on May 18 and May 23. CNG is now priced at Rs 91.7 per kg in Noida and Ghaziabad, Rs 91.58 per kg in Meerut, and Rs 88.12 per kg in Gurgaon.

Rising CNG prices have impacted freight and passenger fares in Delhi-NCR, where a majority of auto-rickshaws, taxis and goods carrier run on the cleaner fuel. Commuters complain that auto and taxi fares have already surged 10-15% in the last few weeks.

Like petrol and diesel, CNG prices vary across states due to different value added tax structures. Mahanagar Gas also increased the CNG price in Mumbai by Rs 2 to Rs 84 per kg.

There has, however, been no change in the rates of piped kitchen gas and domestic LPG cylinders. While PNG continues to be priced at Rs 49.59 per standard cubic metre in Delhi, a 14.2-kg domestic LPG cylinder is available at Rs 913.

Officials said the input cost of natural gas has increased by more than Rs 10 per kg since Feb this year due to disruptions in energy supplies arising from geopolitical tensions in West Asia.

India imports over 50% of its 190 million standard cubic metres per day LNG requirement, and before the conflict, around 30% of the supplies came through the Strait of Hormuz, which has been disrupted since the military conflict broke out in West Asia. India has diversified supplies from alternate geographies to plug the gap.

Financial Express, Delhi, 27/05/2026
Page No: 2, Size: 5.40cm × 25.64cm

# CNG prices up ₹5 per kg in 12 days

SAURAV ANAND
New Delhi, May 26

**COMPRESSED NATURAL GAS** (CNG) prices in the national capital were raised by ₹2 per kg on Tuesday, the third increase in less than two weeks, with analysts warning of further hikes of up to ₹2-3 per kg for Delhi and over ₹3 per kg for Mumbai as city gas distributors struggle to absorb soaring LNG prices, higher freight costs and a weakening rupee triggered by the West Asia conflict.

With the latest revision, CNG prices in Delhi rose to ₹83.09 per kg from ₹81.09 earlier, taking cumulative increases since May 15 to ₹5 per kg.

Indraprastha Gas Ltd (IGL), the country's largest city gas distributor, said CNG prices in Noida and Ghaziabad have risen to ₹91.70 per kg, while rates in Gurugram increased to ₹88.12 per kg.

The latest revision follows a ₹2-per-kg hike on May 15 and another ₹1-per-kg increase on May 23.

The increase in CNG prices also comes alongside sharp petrol and diesel price hikes by state-run oil marketing companies. Petrol prices have risen by ₹7.35 per litre and diesel by ₹7.53 per litre in four rounds of revisions since May 15.

Despite the increase in transport fuel prices, piped natural gas (PNG) used for domestic cooking remained unchanged at ₹49.59 per standard cubic metre in Delhi. In Mumbai, PNG prices continue at ₹51.50 per scm.

Times of India, Delhi, 27/05/2026
Page No: 5, Size: 26.22cm × 24.58cm

# Pipeline blast sparks fire, injures 1

Times News Network

**New Delhi:** A 42-year-old man suffered severe burns after a suspected PNG pipeline blast triggered a fire in a residential building in west Delhi's Subhash Nagar late Monday night. In a separate incident on Tuesday morning, two persons were injured and six vehicles gutted after a fire broke out in electric meters at a building in northwest Delhi's Vijay Vihar Phase-2.

According to Delhi Fire Service (DFS), a call about the Subhash Nagar fire was received at 10.20 pm. Two water tenders and a bowser were rushed to the spot, with 15 firefighters deployed.

Officials said a suspected PNG pipeline blast sparked the blaze, which quickly spread through the ground-plus-three-storey building. The fire was brought under control by 11.10 pm.

By then, a resident, Vijay Kumar (42), had suffered severe burn injuries and was taken to DDU Hospital by PCR personnel and locals. He suffered nearly 85% burn injuries and is undergoing treatment, officials said.



Two people were injured in another fire that broke out in 18 electric meters in Vijay Vihar

"Prima facie, a PNG pipeline blast appears to have triggered the fire. We will also seek a report from IGL," a senior police officer said.

An IGL official, however, said the pipeline at the premises was not activated. "Though an IGL pipeline was installed, the PNG connection was not activated by the customer. The gas burner was connected to an LPG regulator and the PNG pipeline was found dismantled," the official said.

In a separate incident, DFS received a call at 7.05 am on Tuesday about a fire in Vijay Vihar Phase-2. Three fire tenders were initially rushed to the spot.

The blaze, which was brought under control by 8 am, originated in the electric meter area on the ground floor of a five-storey residential building, officials said.

It spread through 18 electric meters and engulfed six parked vehicles, including three scooties, two motorcycles and a bicycle.

DFS said 23 people trapped inside were rescued — 22 by firefighters and one by locals before emergency teams arrived. Officials said people were trapped on different floors as the fire, which spread from the meters, had blocked the staircase, the only exit point for the residents.

Two persons suffered injuries and were taken to a hospital, officials said.

Economic Times, Delhi, 27/05/2026
Page No: 2, Size: 21.88cm × 11.91cm

# Quad Aims to Create Strategic Crude Reserve, Emergency Fuel Response

**AMID WEST ASIA WAR** India, Australia, Japan and the US to convene fuel security forum

**Dipanjan Roy Chaudhury**

**New Delhi:** Quad on Tuesday announced its intention to convene an Indo-Pacific energy security initiative that will involve strategic crude reserve and emergency oil response as the world, including some Quad members, face energy supply chain disruption due to the West Asia war.

Quad has decided to convene a fuel security forum to coordinate discussions and facilitate cooperation.

India, Australia, Japan and the US are united by a common vision for a free and open Indo-Pacific, underpinned by robust economic and energy systems, according to a statement on the energy security initiative issued after the foreign ministers' meeting.




**Anti-US billboard, depicting Trump & Strait of Hormuz, in Tehran** – Reuters

"Recognising shifts in the global energy landscape and escalating geopolitical complexities, we are accelerating collaboration to ensure energy stability and security. We recognise that impacts of disruptions to global markets, particularly in relation to oil, gas, and petrochemical products as well as essential goods and critical downstream derivatives such as fertilisers, fall heavily on the Indo-Pacific region. Our leaders have expressed a clear collective intent to cooperate on energy security and resilience," the statement read.

Nagaraj Naidu, additional secretary (Americas), MEA, said, "Quad...effort is aimed at leveraging the unique resources that Quad partners bring to the table."

### TWO MARITIME INITIATIVES

Marco Rubio said Quad would work on two maritime initiatives — one that combines surveillance capabilities, and another that will provide enhanced real-time information to commercial traffic at sea.

***Quad members agreed to jointly build a port in Fiji.***

**Economic Times, Delhi, 27/05/2026**

Page No: 10, Size: 6.93cm × 13.02cm

# SC Defers KG Basin Gas Migration Hearing as Parties Seek to Settle

**New Delhi:** The Supreme Court has deferred hearing of the Krishna-Godavari basin gas migration dispute, after Reliance Industries and partners UK-based BP Exploration and Canada's Niko Resources said they want to explore an amicable settlement with the Centre. The government also indicated it was willing to consider conciliation to resolve the dispute.

Attorney general R Venkataramani told a bench led by Chief Justice Surya Kant on Monday that the government was willing to consider a fresh request made by Reliance and its consortium partners. The apex court then postponed the hearing to July 21.

The SC was hearing three appeals led by Reliance against a February 2025 decision of the Delhi High Court, which set aside a 2018 international arbitration ruling favouring the consortium in the $1.73 billion dispute with state-run Oil and Natural Gas Corporation.

While terming the arbitration award contrary to the settled position of law, the HC had accepted the government's plea that indicted Reliance and its foreign partners of committing an "insidious fraud" and "unjust enrichment of over $1.729 billion" by siphoning gas from deposits they had no

**Financial Express, Delhi, 27/05/2026**
Page No: 11, Size: 21.19cm × 20.58cm

FOURTH INCREASE IN PETROL, DIESEL PRICES WITHIN TWO WEEKS

# LPG anxiety grips households as fuel hikes squeeze budgets

VIVEAT SUSAN PINTO
Mumbai, May 26

**THE LATEST ROUND** of petrol and diesel price hikes is intensifying pressure on Indian households, with cooking gas emerging as a fresh inflation flashpoint.

A new study by Worldpanel by Numerator (formerly Kantar) shows that nearly 74% of households expect LPG prices to rise further in the near term, reflecting growing anxiety over essential expenses at a time when families are already grappling with elevated fuel and transportation costs.

The concern comes amid the fourth increase in petrol and diesel prices within two weeks, reviving fears of broader inflationary pressures across the economy.

Worldpanel conducted a national survey among 3,600 households, extrapolated to the national universe, examining how LPG supply disruptions are altering cooking behaviour.

"Nearly 8 in 10 households report difficulties due to limitations in LPG availability, signalling widespread friction in what should be a basic utility," the report said. 37% of Indian households say that it is taking longer than usual to get LPG cylinders. And 42% describe as getting a cylinder as "very difficult", the report said.

## COST BURDEN

- Nearly **74%** households expect LPG prices to rise further in the near term
- Nearly 8 in 10 families report difficulties due to limitations in availability



**37%** Indian households say that it is taking longer than usual to get cylinders

- For restaurants too, a sustained rise in commercial LPG prices has emerged as a significant cost burden

The ripple effects are now extending beyond household kitchens to restaurants and food delivery businesses, where commercial LPG prices have risen consecutively for three months starting March. Industry executives attribute the increase to supply disruptions and volatility triggered by the ongoing West Asia conflict, which has pushed up global energy prices.

For restaurants, the sustained increase in commercial LPG prices has emerged as a significant cost burden. Food service operators estimate that rising cooking gas expenses have led to a 100-200 basis point impact on operating profit margins in Q4FY26, forcing many businesses to reassess pricing and operational strategies.

For households, the concern is more immediate and psychological. Worldpanel said 34% of households are worried about the impact of LPG inflation on their overall monthly budgets, underlining the growing importance of cooking fuel in determining perceptions of financial security.

The study found that LPG stress is increasingly becoming a proxy for household well-being, especially among lower-income families where fuel and food account for a large share of monthly expenditure. In such households, even modest increases in cooking gas prices can significantly affect discretionary spending and savings.

The study says that 57% of households (largely lower-income families) have reverted to back-ups such as wood, traditional stoves (*chulhas*) or kerosene. 25% of households are avoiding gas-intensive activities like boiling water, heating milk or repeated tea, coffee preparation. Some others are avoiding dishes that have longer cooking time.

Economists said fuel inflation tends to have a wider cascading effect because it simultaneously raises transportation, logistics and utility costs. Higher fuel prices can raise freight expenses, while LPG inflation directly affects household budgets as well as restaurants and food businesses.

# ONGC Q4 Net Rises 3% to ₹6,650 cr

**Press Trust of India**



**New Delhi:** State-owned Oil and Natural Gas Corporation (ONGC) on Tuesday reported a 3% rise in March quarter profit to ₹6,649.97 crore as higher oil and gas prices helped negate a drop in output.

Net profit of ₹6,649.97 crore in January-March—the fourth quarter of 2025-26 fiscal year—compared with ₹6,448.28 crore earnings in the corresponding period of the previous year and ₹8,371.85 crore in the preceding three months, according to a stock exchange filing by the company.

Revenue from operations rose marginally to ₹35,928.18 crore during the quarter from ₹34,982.23 crore in Q4 of FY25.

For the full fiscal year, ONGC reported a net profit of ₹32,894.02 crore, down 7.6% from ₹35,610.32 crore of 2024-25 fiscal year.


ONGC wrote off ₹4,876.75 crore in exploration well cost during the quarter under review after the wells drilled did not yield any commercial hydrocarbon discoveries. This compared with ₹4,173.04-crore write-off in the corresponding quarter of the previous year.

For the full year, the exploratory well cost written off was ₹8,235.98 crore as compared to ₹7,479.96 crore a year back.

The Board of Directors of ONGC recommended a final dividend of ₹1 per share for the 2025-26 fiscal year.

**As fuel prices surge due to the West Asia crisis, a survey conducted betwen April 2025 and March 2026 showed that a significant number of people switched to alternative modes of transportation.** Asians paved the way with 36% respondents in the Philippines, and **32% in India saying that higher fuel prices led them to change their transport habits**

**India ranks 2nd in the percentage of respondents who said fuel prices led them to use alternative modes of transportation**




| CITY | PETROL PRICE | DIESEL PRICE |
|---|---|---|
| Delhi | ₹102.1 | ₹95.2 |
| Mumbai | ₹111.1 | ₹97.8 |
| Bangalore | ₹110.9 | ₹98.8 |
| Chennai | ₹107.8 | ₹99.6 |

Source: Statista Consumer Insights; Indian Oil Corporation
Prices as of May 26, 2026

Times of India, Delhi, 27/05/2026
Page No: 21, Size: 25.88cm × 25.64cm

# New IIP series to track rare earth, PNG, water supply

Shiva Rajora
@timesofindia.com

**New Delhi:** The new index of industrial production (IIP) series, having 2022-23 as base year, is set to track for first time the output of rare earths and minor minerals, piped natural gas (PNG), water supply, sewerage and waste management -- the Technical Advisory Committee (TAC) constituted to undertake base year revision under IIM Kozhikode professor Mridul K Saggar noted in its recommendations. The new index will make its debut on June 1.

IIP will be the third major high-frequency economic indicator to undergo a base-year revision this year, following similar updates to Gross Domestic Product (base year 2022-23) and Consumer Price Index-based retail inflation (base year 2024).

**IIP basket is set to expand to 1,042 items under 463 groups in new series from 839 items under 407 groups in current series**

The IIP basket is set to expand to 1,042 items categorised under 463 groups in the new series from 839 items under 407 groups in the current series. "Regular revisions of the base years of economic indicators like IIP are therefore essential to ensure that they remain representative of current industrial activity and continue to accurately reflect evolving economic realities," the committee noted.

It also recommended dropping items from the basket, such as kerosene, iodised salt, incandescent lamps, fluorescent tubes and compact fluorescent lamps, electric filament lamps, and sewing machines, among others.

The committee has also recommended that the output Producer Price Index (PPI) be adopted as the preferred deflator for the new series once it becomes available, replacing the Wholesale Price Index (WPI), which it said may continue only as an interim measure.

It also proposed chain-basing of the new IIP series, which will allow periodic updating of weights, typically on an annual basis, so that production patterns of the industry are captured better. Meanwhile, the seasonal adjustment of IIP may be undertaken "only after availability of the desirable length of time series data (five years monthly data)".

Times of India, Mumbai, 27/05/2026
Page No: 19, Size: 25.88cm × 25.64cm

# New IIP series to track rare earth, PNG, water supply

**Shiva Rajora**
@timesofindia.com

**New Delhi:** The new index of industrial production (IIP) series, having 2022-23 as base year, is set to track for first time the output of rare earths and minor minerals, piped natural gas (PNG), water supply, sewerage and waste management -- the Technical Advisory Committee (TAC) constituted to undertake base year revision under IIM Kozhikode professor Mridul K Saggar noted in its recommendations. The new index will make its debut on June 1.

IIP will be the third major high-frequency economic indicator to undergo a base-year revision this year, following similar updates to Gross Domestic Product (base year 2022-23) and Consumer Price Index-based retail inflation (base year 2024).

**IIP basket is set to expand to 1,042 items under 463 groups in new series from 839 items under 407 groups in current series**

The IIP basket is set to expand to 1,042 items categorised under 463 groups in the new series from 839 items under 407 groups in the current series. "Regular revisions of the base years of economic indicators like IIP are therefore essential to ensure that they remain representative of current industrial activity and continue to accurately reflect evolving economic realities," the committee noted.

It also recommended dropping items from the basket, such as kerosene, iodised salt, incandescent lamps, fluorescent tubes and compact fluorescent lamps, electric filament lamps, and sewing machines, among others.

The committee has also recommended that the output Producer Price Index (PPI) be adopted as the preferred deflator for the new series once it becomes available, replacing the Wholesale Price Index (WPI), which it said may continue only as an interim measure.

It also proposed chain-basing of the new IIP series, which will allow periodic updating of weights, typically on an annual basis, so that production patterns of the industry are captured better. Meanwhile, the seasonal adjustment of IIP may be undertaken "only after availability of the desirable length of time series data (five years monthly data)".

# BPCL REASSURES CONSUMERS AMID RISING FUEL DEMAND

Bharat Petroleum Corp Ltd (BPCL) reassured consumers that fuel and LPG supplies across its nationwide network continue to remain stable and fully adequate despite the recent rise in demand witnessed in certain markets. BPCL itself recorded the highest-ever refinery throughput of 41.15 MMT during FY26.

## OIL INDUSTRY MAINTAINS SEAMLESS SUPPLY OF FUEL

The oil industry assured consumers that availability of essential petroleum products—petrol, diesel, and LPG—remains normal and uninterrupted across all consumer touchpoints. This is despite the severe disruption globally due to crisis in West Asia. IndianOil, BPCL and HPCL are maintaining sufficient stock of fuel and are supplying customers without any issues.

# सीएनजी के दाम दो रुपये किलो और बढ़े

नई दिल्ली, प्रेट्र : राष्ट्रीय राजधानी और आसपास के शहरों में सीएनजी की कीमतों में मंगलवार को प्रति किलोग्राम दो रुपये की और वृद्धि की गई है। 15 मई के बाद से यह दामों में चौथी बढ़ोतरी है और अब तक प्रति किलो छह रुपये बढ़ चुके हैं। दिल्ली में अब सीएनजी की कीमत 83.09 रुपये किलो हो गई है, जो पहले 81.09 रुपये थी। सोनीपत में सीएनजी की कीमत 92.50, फरीदाबाद में 91.92, गुरुग्राम में 89.90 और नोएडा व गाजियाबाद में 91.70 रुपये प्रति किलो हो गई है।

- **दिल्ली में** 83.09, **सोनीपत में** 92.50 **फरीदाबाद में** 91.92, **गुरुग्राम में** 89.90, **नोएडा-गाजियाबाद में** 91.70 **रुपये हुए दाम**



देश की सबसे बड़ी सिटी गैस कंपनी इंद्रप्रस्थ गैस लिमिटेड (आइजीएल) ने कीमतों में बढ़ोतरी की जानकारी दी। आइजीएल दिल्ली और इसके आसपास के शहरों में वाहनों के लिए सीएनजी और घरेलू तथा औद्योगिक उपयोग के लिए पाइप्ड नेचुरल गैस (पीएनजी) बेचती है। कंपनी ने बताया कि घरेलू उपयोग वाली पीएनजी के दाम नहीं बढ़ाए गए हैं।

### हाल में कब कितने दाम बढ़े

| तारीख | बढ़ोतरी (रुपये में) |
|---|---|
| 15 मई | दो रुपये |
| 18 मई | एक रुपये |
| 23 मई | एक रुपये |
| 26 मई | दो रुपये |

Hari Bhoomi, Delhi, 27/05/2026
Page No: 1, Size: 8.10cm × 19.76cm

# दिल्ली में 2 रुपए फिर महंगी हुई सीएनजी

नई दिल्ली। पेट्रोल-डीजल के बाद अब आम जनता पर सीएनजी की महंगाई की मार पड़ी है। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली समेत पूरे देश में सीएनजी की कीमतों में 2 रुपए प्रति किलोग्राम की बढ़ोतरी की गई है। इस ताजा वृद्धि के बाद दिल्ली में सीएनजी की नई कीमत अब 83.09 रुपए प्रति किलोग्राम हो गई है। पिछले 11 दिनों के भीतर सीएनजी के दामों में यह चौथी बढ़ोतरी है, जिससे कुल मिलाकर कीमतें 6 रुपए तक बढ़ चुकी हैं। इससे पहले 15, 18 और 23 मई को भी दाम बढ़ाए गए थे। इसका असर दिल्ली-एनसीआर के ऑटो, टैक्सी, वैन चालकों पर पडेगा।



# दिल्ली में सीएनजी दो रुपए प्रति किलोग्राम और महंगी

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 26 मई।

राष्ट्रीय राजधानी और आसपास के शहरों में कंप्रेस्ड नैचुरल गैस (सीएनजी) की कीमतों में मंगलवार को दो रुपए प्रति किलोग्राम की बढ़ोतरी की गई। यह दो सप्ताह से भी कम समय में तीसरा मौका है जब सीएनजी के दाम बढ़ाए गए हैं।

देश की सबसे बड़ी शहरी गैस वितरण कंपनी इंद्रप्रस्थ गैस लिमिटेड (आइजीएल) के अनुसार, सीएनजी की कीमत 81.09 रुपए प्रति किलोग्राम से बढ़कर अब 83.09 रुपए प्रति किलोग्राम हो गई है। यह कंपनी दिल्ली और आसपास के शहरों में वाहनों को सीएनजी और घरों तथा उद्योगों के लिए पाइप लाइन वाली गैस (पीएनजी) उपलब्ध कराती है हालांकि, घरेलू रसोई में खाना पकाने के लिए इस्तेमाल होने वाली पीएनजी की दरों में कोई संशोधन नहीं किया गया है। सीएनजी की कीमतों में 15 मई से लेकर यह तीसरी बार बढ़ोतरी हुई है और इस अवधि से लेकर अब तक इसमें कुल पांच रुपए प्रति किलोग्राम की वृद्धि हो चुकी है। इससे पहले 23 मई को एक रुपए प्रति किलोग्राम की वृद्धि हुई थी और 15 मई को कीमत में दो रुपए प्रति किलोग्राम बढ़ोतरी दर्ज की गई थी।मुंबई में सीएनजी की कीमत 84 रुपए प्रति किलोग्राम हैं, जहां 14 मई को दरों में अंतिम संशोधन किया गया था।



बारह दिन में पांच रुपए बढ़े दाम। दो सप्ताह से भी कम समय में तीसरी बार सीएनजी के दाम बढ़ाए गए।

Jansatta, Delhi, 27/05/2026
Page No: 10, Size: 21.64cm × 9.53cm

केजी-बेसिन गैस विवाद

**संभावना** मध्यस्थता के जरिए विवाद के निपटारे पर कंपनियां राजी

# उच्चतम न्यायालय ने सुलह प्रक्रिया पर सहमति जताई

नई दिल्ली, 26 मई (भाषा)।

उच्चतम न्यायालय ने रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड (आरआइएल) की उस नई अर्जी को स्वीकार कर लिया है, जिसमें कंपनी ने केंद्र सरकार के साथ कृष्णा-गोदावरी बेसिन गैस विवाद को आपसी सहमति से सुलझाने की अनुमति मांगी है।

प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जायमाल्य बागची और न्यायमूर्ति विपुल एम पंचोली की पीठ ने इस संबंध में वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल की ओर से किए गए उल्लेख का संज्ञान लिया। सिब्बल ने अदालत से कहा कि सुलह की प्रक्रिया के लिए आवेदन किया गया है, जिस पर अटार्नी जनरल आर वेंकटरमनी ने कहा कि सरकार इस अनुरोध पर विचार करने को तैयार है। इस पर शीर्ष अदालत ने मामले की सुनवाई जुलाई के तीसरे सप्ताह तक के लिए स्थगित कर दी। पीठ ने कहा कि यदि दोनों पक्ष आपसी सहमति से समाधान निकाल लेते हैं, तो अपील का निपटारा कर दिया जाएगा। प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि यदि विवाद सुलह के जरिए सुलझता है तो हमें खुशी होगी। आप समझौते के साथ आते हैं तो हम अपील का निपटारा कर देंगे।



*प्रधान* न्यायाधीश सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जायमाल्य बागची और न्यायमूर्ति विपुल एम पंचोली की पीठ ने इस संबंध में वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल की ओर से किए गए उल्लेख का संज्ञान लिया। सिब्बल ने अदालत से कहा कि सुलह की प्रक्रिया के लिए आवेदन किया गया है, जिस पर अटार्नी जनरल आर वेंकटरमनी ने कहा कि सरकार इस अनुरोध पर विचार करने को तैयार है।

शीर्ष अदालत ने 20 मई को इसी मामले में रिलायंस इंडस्ट्रीज और उसकी साझेदार कंपनियों की ओर से सुनवाई फिलहाल स्थगित करने की मांग को ठुकरा दिया था। कंपनियों ने केंद्र के साथ मध्यस्थता या सुलह के जरिए विवाद सुलझाने की इच्छा जताई थी। उच्चतम न्यायालय रिलायंस इंडस्ट्रीज, बीपी एक्सप्लोरेशन (अल्फा) लिमिटेड और निको (एनईसीओ) लिमिटेड की उन अपीलों पर सुनवाई कर रही है, जो दिल्ली उच्च न्यायालय के फैसले के खिलाफ दायर की गई हैं।

दिल्ली उच्च न्यायालय ने 14 फरवरी 2025 के अपने आदेश में एकल पीठ के उस फैसले को निरस्त कर दिया था, जिसमें मध्यस्थता न्यायाधिकरण के उस निर्णय को बरकरार रखा गया था जो रिलायंस और उसके साझेदारों के पक्ष में था। इन कंपनियों पर आरोप है कि उन्होंने केजी बेसिन के उन गैस भंडारों से गैस निकाली, जिनका दोहन करने का उन्हें अधिकार नहीं था।

Hari Bhoomi, Delhi, 27/05/2026
Page No: 2, Size: 6.32cm × 17.04cm

# पीएनजी पाइपलाइन में विस्फोट से इमारत में आग लगी, व्यक्ति झुलसा

नई दिल्ली। पश्चिमी दिल्ली के सुभाष नगर इलाके में एक घर में पीएनजी पाइपलाइन में विस्फोट होने के कारण आग लग गई। इसमें 42 वर्षीय व्यक्ति गंभीर रूप से झुलस गया। उसका अस्पताल में इलाज चल रहा है। घटना सोमवार रात तीन मंजिला आवासीय इमारत में सामने आई। पुलिस के अनुसार हमें सोमवार रात 10:20 बजे आग लगने की सूचना मिली। दमकल की तीन गाड़ियों को तुरंत मौके पर भेजा गया। आग पीएनजी की पाइपलाइन में विस्फोट के कारण लगी थी और इमारत के कुछ हिस्सों में फैल गई। दमकलकर्मियों ने घटना में बुरी तरह झुलसे एक व्यक्ति को निकाला और उसे दीन दयाल उपाध्याय (डीडीयू) अस्पताल में भर्ती कराया। घायल की पहचान विजय कुमार (42) के रूप में हुई है, जो लगभग 85 प्रतिशत तक झुलस गया है। पुलिस ने बताया कि पीएनजी पाइपलाइन में विस्फोट के कारणों का पता लगाने के लिए आगे की जांच जारी है।

Dainik Jagran ( Jagran City ), Delhi, 27/05/2026
Page No: 4, Size: 31.46cm × 41.09cm

# सुभाष नगर में पीएनजी पाइपलाइन फटने से लगी आग, एक झुलसा



सुभाष नगर का वह इमारत जिसमें पीएनजी की पाइप लाइन में हुआ था विस्फोट • जागरण

**जागरण संवाददाता, पश्चिमी दिल्ली :** सुभाष नगर इलाके में सोमवार की रात एक रिहायशी मकान में पाइप्ड नेचुरल गैस (पीएनजी) की पाइपलाइन फटने से भीषण आग लग गई। इस हादसे में 42 वर्षीय एक व्यक्ति गंभीर रूप से झुलस गया है, जिसे इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। दमकल विभाग के एक अधिकारी ने मंगलवार को बताया कि यह घटना क्षेत्र के गली नंबर 15-9 स्थित एक चार मंजिला (ग्राउंड प्लस तीन) रिहायशी इमारत में हुई। सोमवार रात करीब 10:20 बजे विभाग को घर में आग लगने की सूचना मिली थी।

- पीएनजी पाइपलाइन में विस्फोट होने के कारण का नहीं लगा है पता
- आग में झुलसे व्यक्ति को दमकलकर्मियों ने सुरक्षित बाहर निकाला

घटना की गंभीरता को देखते हुए तुरंत दमकल की दो गाड़ियां और एक वाटर बाउजर को मौके पर रवाना किया गया। शुरुआती जांच में सामने आया है कि आग पीएनजी पाइपलाइन में हुए एक जोरदार धमाके के कारण लगी थी। विस्फोट इतना तेज था कि आग की लपटें देखते ही देखते इमारत के अन्य हिस्सों में फैल गईं। वैसे समय रहते इमारत में मौजूद लोग बाहर निकल आए पर, घायल निकलने के दौरान आग की चपेट में आने के साथ ही मलबे में फंस गया। गनीमत रही कि मकान में आग फैलने के के थोड़े ही समय में पहुंचे दमकलकर्मियों ने मलबे और आग के बीच फंसे घायल को सुरक्षित बाहर निकाला। गंभीर रूप से झुलसे इस व्यक्ति की पहचान 42 वर्षीय विजय कुमार के रूप में हुई है, जो उस इमारत में किराए पर रहते हैं। उन्हें तुरंत अस्पताल ले जाया गया।

Navodaya Times, Delhi, 27/05/2026
Page No: 1, Size: 13.97cm × 21.06cm

# सीएनजी दो रुपए प्रति किलोग्राम और महंगी




नई दिल्ली, 26 मई (एजेंसी): राष्ट्रीय राजधानी और आसपास के शहरों में सीएनजी की कीमतों में मंगलवार को दो रुपये प्रति किलोग्राम की बढ़ोतरी की गई।

देश की सबसे बड़ी शहरी गैस वितरण कंपनी आईजीएल के अनुसार, सीएनजी की कीमत 81.09 रुपए प्रति किलोग्राम से बढ़कर अब 83.09 रुपए प्रति किलोग्राम हो गई है। हालांकि, घरेलू रसोई में खाना पकाने के लिए इस्तेमाल होने वाली पीएनजी की दरों में कोई संशोधन नहीं किया गया है। सीएनजी की कीमतों में 15 मई से लेकर यह तीसरी बार बढ़ोतरी हुई है और इस अवधि से लेकर अब तक इसमें कुल पांच रुपए प्रति किलोग्राम की वृद्धि हो चुकी है। इससे पहले 23 मई को एक रुपये प्रति किलोग्राम की वृद्धि हुई थी और 15 मई को कीमत में दो रुपए प्रति किलोग्राम बढ़ोतरी दर्ज की गई थी।

DJ Rashtriya Sanskaran, Delhi, 27/05/2026

Page No: 9, Size: 69.19cm × 32.36cm

मंथन



नृपेंद्र अभिषेक नृप

आर्थिक मामलों के जानकार

# ऊर्जा आत्मनिर्भरता की नई राह

## पेट्रोल में एथेनाल मिश्रण ऊर्जा सुरक्षा, विदेशी मुद्रा की बचत, प्रदूषण में कमी और किसानों की आय बढ़ाने के दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण है

भारतीय बाजार में पेट्रोल-डीजल के विकल्पों की तलाश तेजी से चल रही है और ऐसे में सीएनजी, हाइब्रिड और इलेक्ट्रिक कारों के साथ ही जिस एक विकल्प की इन दिनों काफी चर्चा चल रही है, वो है फ्लेक्स फ्यूल कार। वैसी कार, जो 100 प्रतिशत एथेनाल पर चल सके, जिससे पेट्रोल-डीजल पर निर्भरता कम हो। मौजूदा समय में पेट्रोल में 20 प्रतिशत एथेनाल की ब्लेंडिंग हो रही है और आने वाले समय में इसे ई30 यानी 30 प्रतिशत तक एथेनाल ब्लेंडिंग पर जोर दिया जा सकता है। पेट्रोलियम उत्पादों पर बढ़ती निर्भरता, विदेशी मुद्रा पर दबाव, जलवायु परिवर्तन से जुड़ी चुनौतियां और ग्रामीण आय में स्थिरता की आवश्यकता ने भारत को एथेनाल सम्मिश्रण (इथेनाल ब्लेंडिंग) जैसे विकल्प की ओर अग्रसर किया है। एथेनाल एक पारदर्शी, ज्वलनशील और कार्बनिक यौगिक है। यह एक तरह का अल्कोहल है, जिसे मुख्य रूप से गन्ना, मक्का, चावल और अन्य स्टार्च युक्त फसलों से बनाया जाता है। एथेनाल बनाने की प्रक्रिया में शर्करा या स्टार्च को किण्वित करके अल्कोहल में बदला जाता है। इसे तैयार करने के लिए चार चरण होते हैं। पहले फर्मेंटेशन में यीस्ट की मदद से शर्करा को एथेनाल और कार्बन डाइआक्साइड में बदला जाता है। इसके बाद डिस्टिलेशन की प्रक्रिया में इसे अन्य तत्वों से अलग करने के लिए गर्म किया जाता है। फिर संघनन के जरिये वाष्प को ठंडा करके तरल एथेनाल में बदला जाता है। अंत में डिहाइड्रेशन किया जाता है, जिसमें पानी की मात्रा कम करके निर्जल एथेनाल तैयार किया जाता है।

भारत में इन दिनों एथेनाल को पेट्रोल के साथ मिलाकर ईंधन के रूप में उपयोग किया जा रहा है। इसके कुछ प्रमुख मिश्रण प्रकार हैं- ई10, जिसमें 10 प्रतिशत एथेनाल और 90 प्रतिशत पेट्रोल होता है। ई20, जिसमें 20 प्रतिशत एथेनाल और 80 प्रतिशत पेट्रोल होता है और ई85 या फ्लेक्स-फ्यूल, जिसका उपयोग विशेष वाहनों में किया जाता है और इसमें एथेनाल की मात्रा 85 प्रतिशत तक हो सकती है। इन मिश्रणों का उपयोग पेट्रोलियम पर निर्भरता कम करने, प्रदूषण घटाने और ऊर्जा सुरक्षा को मजबूत करने के लिए किया जा रहा है। यह न केवल पर्यावरण के लिए फायदेमंद है, बल्कि देश को ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में भी एक बड़ा कदम है। 20 प्रतिशत एथेनाल मिश्रण (ई20) का यह कदम ऊर्जा सुरक्षा, विदेशी मुद्रा की बचत, प्रदूषण में कमी और किसानों की आय बढ़ाने के दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण है। 20 प्रतिशत मिश्रण से भारत को हर साल लगभग चार बिलियन डालर की विदेशी मुद्रा बचत हो रही है।

एथेनाल मिश्रण कार्यक्रम ने भारत के कृषि क्षेत्र को एक नया अवसर प्रदान किया है। पहले एथेनाल का उत्पादन मुख्य रूप से गन्ने से किया जाता था, लेकिन अब मक्का, चावल और कृषि अवशेषों को भी इस प्रक्रिया में शामिल किया जा रहा है। इससे किसानों को अपनी फसल बेचने के लिए नया बाजार मिला है और उनकी अतिरिक्त आय में वृद्धि हुई है, जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिली है। दूसरी ओर, इस कार्यक्रम ने जैव-ईंधन उद्योग में बड़े निवेश को आकर्षित किया है। पानीपत में भारत का पहला द्वितीय पीढ़ी एथेनाल संयंत्र शुरू हो चुका है, जो कृषि अवशेषों से एथेनाल बनाता है। भविष्य में तृतीय पीढ़ी एथेनाल यानी शैवाल आधारित उत्पादन की दिशा में भी काम हो रहा है। साथ ही, फ्लेक्स-फ्यूल वाहन तकनीक को अपनाने की दिशा में कंपनियां तेजी से कदम बढ़ा रही हैं। यह सब भारत को हरित ऊर्जा की ओर ले जाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

भारत अपनी ऊर्जा जरूरतों के लिए लगभग 90 प्रतिशत कच्चा तेल आयात करता है, जिस पर हर साल 125 से 150 अरब डालर तक खर्च होता है। यह न केवल विदेशी मुद्रा पर भारी दबाव डालता है, बल्कि वैश्विक तेल कीमतों में उतार-चढ़ाव का सीधा असर भारतीय अर्थव्यवस्था पर पड़ता है। ऐसे में एथेनाल मिश्रण कार्यक्रम एक बड़ा समाधान है। इससे कच्चे तेल पर निर्भरता कम होगी और विदेशी मुद्रा की बचत होगी। उदाहरण के लिए, वर्ष 2022-23 में एथेनाल मिश्रण से भारत ने 24,300 करोड़ रुपये की बचत की। साथ ही यह वैश्विक तेल बाजार की अस्थिरता से होने वाले जोखिम को भी घटाता है। यह कार्यक्रम भारत की ग्रीन एनर्जी रणनीति का भी महत्वपूर्ण हिस्सा है। शोध से पता चला है कि ई20 मिश्रण (20 प्रतिशत एथेनाल) के उपयोग से वाहनों से निकलने वाला कार्बन मोनोआक्साइड उत्सर्जन 50 प्रतिशत तक कम हो जाता है। इससे प्रदूषण में कमी आएगी और जलवायु परिवर्तन से निपटने के लक्ष्यों को हासिल करने में मदद मिलेगी। हालांकि एथेनाल उत्पादन की कुछ चुनौतियां भी हैं। इसमें गन्ने की खेती में अधिक पानी की खपत, उर्वरकों और कीटनाशकों का अत्यधिक उपयोग और उत्पादन प्रक्रिया में अधिक ऊर्जा खर्च जैसी समस्याएं शामिल हैं। इसलिए, इसके पर्यावरणीय प्रभावों पर ध्यान देना भी उतना ही जरूरी है।




प्रतीकात्मक

# सीएनजी दो रुपए प्रति किलो और महंगी, 12 दिन में पांच रुपए बढ़े दाम

नई दिल्ली, (वीअ)। राष्ट्रीय राजधानी और आसपास के शहरों में कंप्रेस्ड नैचुरल गैस (सीएनजी) की कीमतों में मंगलवार को दो रुपये प्रति किलोग्राम की बढ़ोतरी की गई। यह दो सप्ताह से भी कम समय में तीसरा मौका है जब सीएनजी के दाम बढ़ाए गए हैं। देश की सबसे बड़ी शहरी गैस वितरण कंपनी इंद्रप्रस्थ गैस लिमिटेड (आईजीएल) के अनुसार, सीएनजी की कीमत 81.09 रुपये प्रति किलोग्राम से बढ़कर अब 83.09 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई है।यह कंपनी दिल्ली और आसपास के शहरों में वाहनों को सीएनजी और घरों तथा उद्योगों के लिए पाइप लाइन वाली गैस (पीएनजी) उपलब्ध कराती है। हालांकि, घरेलू रसोई में खाना पकाने के लिए इस्तेमाल होने वाली पीएनजी की दरों में कोई संशोधन नहीं किया गया है। सीएनजी की कीमतों में 15 मई से लेकर यह तीसरी बार बढ़ोतरी हुई है और इस अवधि से लेकर अब तक इसमें कुल पांच रुपये प्रति किलोग्राम की वृद्धि हो चुकी है। इससे पहले 23 मई को एक रुपये प्रति किलोग्राम की वृद्धि हुई थी और 15 मई को कीमत में दो रुपये प्रति किलोग्राम बढ़ोतरी दर्ज की गई थी।

Amar Ujala, Delhi, 27/05/2026
Page No: 9, Size: 5.50cm × 12.44cm

# 62,000 टन एलएनजी लेकर विदेशी जहाज पहुंचा गुजरात

**नई दिल्ली।** अल हमरा होर्मुज जलक्षेत्र पार कर करीब 62,000 टन एलएनजी लेकर विदेशी जहाज मंगलवार को गुजरात के दाहेज बंदरगाह टर्मिनल पर पहुंच गया।

पश्चिम एशिया संकट के बीच फारस की खाड़ी से भारत पहुंचने वाला यह पहला एलएनजी कार्गो है। टैंकर अल हमरा पर लाइबेरिया का ध्वज लगा है। यह जहाज अबू धाबी नेशनल ऑयल कंपनी से द्रवीकृत प्राकृतिक गैस (एलएनजी) लेकर भारत पहुंचा है, जिसे भारतीय कंपनी गेल ने मंगाया है।

होर्मुज में अमेरिकी एवं ईरानी नाकेबंदी के बावजूद कार्गो जोखिम उठाते हुए तीन जहाज आगे बढ़ रहे हैं। इसमें एक भारत पहुंच गया। दो जहाजों को दूसरे देश जाना है। ब्यूरो

**Veer Arjun, Delhi, 27/05/2026**

Page No: 2, Size: 15.08cm × 7.06cm

# पीएनजी पाइपलाइन में विस्फोट से इमारत में आग लगी

नई दिल्ली, (भाषा)। पश्चिमी दिल्ली के सुभाष नगर इलाके में एक घर में पीएनजी पाइपलाइन में विस्फोट होने के कारण आग लग गई, जिसमें 42 वर्षीय व्यक्ति गंभीर रूप से झुलस गया। यह घटना तीन मंजिला आवासीय इमारत में हुई। अधिकारी ने बताया, हमें सोमवार रात 10:20 बजे आग लगने की सूचना मिली। दमकल की तीन गाड़ियों को तुरंत मौके पर भेजा गया। आग पाइप्ड प्राकृतिक गैस (पीएनजी) की पाइपलाइन में विस्फोट के कारण लगी, और इमारत के कुछ हिस्सों में फैल गई।

# हरि नगर : पीएनजी पाइपलाइन में धमाके के बाद लगी आग, एक घायल

**नई दिल्ली** | हरि नगर इलाके में एक घर में पीएनजी पाइप लाइन में धमाका होने से तीन मंजिला इमारत में आग लग गई। आग की चपेट में आने से एक व्यक्ति घायल हो गया। घायल को अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका उपचार किया गया। घायल की पहचान विजय कुमार (42) के रूप में हुई है। बताया जा रही है कि विजय 85% जल है। उनकी हालत गंभीर बनी हुई है। पुलिस मामला दर्ज कर आग लगने का कारण पता लगाने की कोशिश कर रही है। दमकल विभाग के मुताबिक सोमवार रात करीब 10.20 बजे एक घर में आग लगने की सूचना मिली।

**Hindustan, Delhi, 27/05/2026**

Page No: 4, Size: 8.04cm × 3.20cm

# पीएनजी पाइप फटने से व्यक्ति झुलसा

**नई दिल्ली।** राजौरी गार्डन इलाके में पीएनजी पाइप लाइन में विस्फोट होने से तीन मंजिला इमारत में आग लग गई। हादसे में 42 वर्षीय विजय कुमार गंभीर रूप से झुलस गए। उन्हें पहले डीडीयू अस्पताल और बाद में सफदरजंग अस्पताल रेफर किया गया। दमकल विभाग के अनुसार, गैस रिसाव के कारण विस्फोट हुआ था। मौके पर पहुंची पांच दमकल गाड़ियों ने आग पर काबू पाया। फिलहाल पुलिस और संबंधित एजेंसियां मामले की जांच कर रही हैं।

Navbharat Times, Delhi, 27/05/2026
Page No: 7, Size: 24.87cm × 25.88cm

# 'बार-बार बढ़ रहे CNG के दाम, पर 3 साल से नहीं बढ़ा किराया'

## कमर्शल गाड़ी वाले बोले, ₹150 तक बढ़ गया है रोज़ का खर्च, रियायत की मांग

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

**वैश्विक बाजारों** में मचे घमासान और कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों का असर अब आम आदमी की जेब पर सीधा दिखने लगा है। दिल्ली-एनसीआर में CNG के दामों में मंगलवार को फिर 2 रुपये प्रति किलोग्राम का बड़ा इजाफा हुआ। पिछले 10 दिनों के भीतर यह चौथी बढ़ोतरी है, जिससे CNG कुल 6 रुपये महंगी हो चुकी है। इस नई बढ़ोतरी के बाद दिल्ली में CNG की कीमत 83.09 रुपये प्रति किलो पहुंच गई है। लगातार बढ़ते दामों ने आम जनता से लेकर कमर्शल गाड़ी ड्राइवरों तक को परेशानी में डाल दिया है।

CNG से चलने वाले ऑटो और टैक्सी ड्राइवरों पर इस मूल्यवृद्धि की सबसे बड़ी मार पड़ी है। भीषण गर्मी के इस मौसम में पहले ही सवारियां कम मिल रही थीं और अब ईंधन की बढ़ती लागत ने मुनाफे पर असर डाला है। दिल्ली ऑटो रिक्शा संघ और दिल्ली प्रदेश टैक्सी यूनियन के महामंत्री राजेंद्र सोनी ने कहा कि CNG, स्पेयर पार्ट्स, मोबील और टायर महंगे होने से महंगाई बढ़ गई है, लेकिन पिछले तीन वर्षों से किराया नहीं बढ़ाया गया। उन्होंने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री और परिवहन मंत्री बार-बार पत्र लिखने के बावजूद बैठक का समय नहीं दे रहे हैं।

एक ऑटो चालक संजय कुमार ने कहा कि इस बढ़ोतरी से दैनिक खर्च 100 से 150 रुपये बढ़ गया है, जिससे घर चलाना मुश्किल हो रहा है। कमाई का आधा हिस्सा CNG और मेंटिनेंस में ही चला जाता है। अगर जल्द ही किराया नहीं बढ़ाया या दाम कम नहीं किए, तो हमें खाने के लाले पड़ जाएंगे। ऑल इंडिया मोटर ट्रांसपोर्ट कांग्रेस के नैशनल प्रेसिडेंट हरीष सभरवाल ने कहा कि सब्जी, दूध और फल लेकर ज्यादातर छोटी CNG गाड़ियां ही जाती हैं। बढ़ी कीमत से एक गाड़ी पर छह हजार रुपये का अतिरिक्त खर्च आ रहा है। फिलहाल भाड़ा नहीं बढ़ाया है, पर कब तक ऐसा चल पाएगा। वरुण सिंह ने बताया कि पहले ही महंगाई बढ़ रही है। अब CNG महंगी होने से महीने का हिसाब गड़बड़ाने लगा है।



दिल्ली-एनसीआर में CNG के दामों में मंगलवार को फिर 2 रुपये प्रति किलोग्राम का बड़ा इजाफा हुआ है

## पेट्रोल-डीज़ल-सीएनजी के दाम घटाने की मांग

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली:** ईंधन की लगातार बढ़ती कीमतों के विरोध में दिल्ली टैक्सी एंड टूरिस्ट ट्रांसपोर्ट असोसिएशन के अध्यक्ष संजय सम्राट ने केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी को पत्र सौंपा है। संजय सम्राट ने आरोप लगाया कि केंद्र और दिल्ली सरकार इलेक्ट्रिक गाड़ियों (EV) को बढ़ावा देने के लिए जानबूझकर पेट्रोल, डीजल और सीएनजी महंगा कर रही है, जबकि ईवी की खरीद और रखरखाव महंगा है और इसमें आग लगने का डर रहता है। उन्होंने कहा कि बढ़ी हुई कीमतों को फौरन वापस लिया जाना चाहिए। सभी तरह के ईंधन को जीएसटी के दायरे में लाया जाए। हमने केंद्रीय मंत्री से मिलने का समय मांगा है। अगर समय नही दिया और समस्याएं अनसुनी की तो हम बड़ा आंदोलन करेंगे।